# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 27 दिसम्बर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का दूसरा दिन प्रातः 07.00 बजे प्रशिक्षणार्थियों के श्रमदान से प्रारम्भ हुआ। प्रातः 09.30 बजे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने ध्वजारोहण कर द्वितीय दिवस के कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की।

शिविर में प्रथम सत्र में जन–जागरण अभियान – जन आंदोलन के मुख्य तत्व विषय पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता श्री मोहन प्रकाश ने विचारों पर प्रकाश डाला। श्री मोहन प्रकाश ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा की महान विरासत एवं मूल्यों पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। साथ ही भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश की आजादी के समय महान नेताओं द्वारा सौंपी गई विरासत को खण्डित करने के कुप्रयासों की जानकारी प्रदान की। प्रथम सत्र के द्वितीय भाग में श्री पंकज शर्मा द्वारा भारतीय जनता पार्टी द्वारा धर्म के नाम पर समाज को विखण्डित करने के कुप्रयासों एवं दुष्प्रभावों पर अपना उद्‌बोधन दिया। साथ ही देश की एकता एवं अखण्डता को खतरे में डालकर धर्म की राजनीति करने वाले तत्वों को समाज के समक्ष कांग्रेस विचारधारा के दायरे में रह कर उजागर करने के उपायों पर प्रकाश डाला।

द्वितीय सत्र में मोदी सरकार के 7 वर्षों की असफलता बनाम कांग्रेस सरकारों की उपलब्धियाँ विषय पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रभारी राजस्थान श्री अजय माकन एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने अपने विचार व्यक्त किए। श्री माकन ने भारतीय लोकतंत्र को कायम रखने एवं देश की सम्प्रभुता बनाए रखने में कांग्रेस विचारधारा की महत्ता पर प्रकाश डाला। श्री माकन ने कहा कि 18 वर्ष की आयु में एनएसयूआई में कार्य करने के दौरान कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के पश्चात् पार्टी की

2....

Created by Universal Document Converter

विचारधारा से अटूट बंधन में बंध गए तथा यह रिश्ता उम्रभर के लिए बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण शिविर के दौरान कांग्रेस विचारधारा को समझने एवं आत्मसात करने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि राजनीति में वहीं लोग अपना मुकाम पाते हैं जो जीवनभर अपनी विचारधारा के साथ बने रहते है, लोभ और लालच से सत्ता के लिए अपनी विचारधारा बदलने वाले ना तो नेता है बल्कि इंसान की श्रेणी में रखे जाने योग्य भी नहीं है। श्री डोटासरा ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को देश के महान नायकों की विरासत का उत्तराधिकारी बताते हुए बिना किसी स्वार्थ के विचारधारा के लिए पार्टी को मजबूत करने के कार्य में जुटने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि विचारधारा के साथ रहना किसी भी सत्ता एवं पद के लालच से महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एकमात्र पार्टी है जिसमें विचारधारा एवं सिद्धांतों के लिए बड़ी से बड़ी कुर्बानी का उदाहरण मिलता है। श्री डोटासरा ने सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि एक तरफ कांग्रेस पार्टी की त्याग, तपस्या एवं सेवा की समृद्ध परम्परा है, दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी जैसी फासीवादी ताकत है जो अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए सामाजिक एकता एवं समरसता को दांव पर लगाने से नहीं कतराती है। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ता अपनी महान विरासत के अनुयायी होने से गौरव का अनुभव करते है तथा केन्द्र सरकार की गलत नीतियों, जनविरोधी निर्णयों को जनता तक पहुँचाने के लिए नि:स्वार्थ भाव से कार्य कर पार्टी को मजबूत बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करें।

प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन के तृतीय सत्र में कांग्रेस दर्शन, विचारधारा एवं नीति विषय पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रशिक्षण विभाग के प्रभारी श्री सचिन राव ने प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित किया। श्री राव ने आजादी के आंदोलन में एक विचारधारा के रूप में कांग्रेस की स्थापना एवं भारतीय दर्शन एवं कांग्रेस विचारधारा एवं नीतियों में साम्यता से प्रशिक्षणार्थियों को अवगत करवाया। चतुर्थ सत्र में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रशिक्षण विभाग के प्रभारी श्री सचिन राव ने भारत का एक राष्ट्र के रूप में निर्माण विषय पर अपना व्याख्यान दिया तथा ग्राफिक्स

3....

Created by Universal Document Converter

के माध्यम से भारत के इतिहास एवं आधुनिक भारत के निर्माण के बीच के सभी चरणों एवं देशवासियों द्वारा सहन की गई दुश्वारियों से अवगत करवाया। चतुर्थ सत्र में श्री अशोक पाण्डे ने देश में चर्चित रहे ज्वलंत मुद्दों पर प्रतिभागियों से खुली चर्चा की तथा पूछे गए प्रश्नों में धारा 370 सहित समस्त मुद्दों की सच्चाई से शिविर में भाग ले रहे प्रशिक्षणार्थियों को अवगत करवाया।

प्रशिक्षण शिविर के तीसरे एवं अंतिम दिन प्रातः 09.00 बजे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा द्वारा झण्डारोहण कर शिविर की कार्यवाही प्रारम्भ की जाएगी।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 137वें स्थापना दिवस 28 दिसम्बर, 2021 के अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय पर प्रातः 11.00 बजे समारोह आयोजित होगा। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा द्वारा मुख्यालय पर ध्वजारोहण किया जाकर प्रदेशभर में स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की शुरूआत की जाएगी। स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी जिला एवं ब्लॉक मुख्यालयों पर संगोष्ठियाँ आयोजित कर कांग्रेस स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया जाएगा।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 27 दिसम्बर।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री हीरालाल शास्त्री की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार, 28 दिसम्बर, 2021 को प्रातः 11 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारीगण, वरिष्ठ कांग्रेसजन, जयपुर शहर एवं जयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान पदाधिकारीगण, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान पदाधिकारीगण सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter